# कार्यालय : सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / वि0प0–अ0उ0वि0स्क्री0प0 2025–विज्ञ0–3 / 134-138 / 2025–26, दिनांक 18 सितम्बर 2025

## अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2025

**उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों (प्रवक्ताओं एवं स0अ0) की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2025**, **का आयोजन देहरादून एवं हल्द्वानी शहरों में बने 13 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 08 सितम्बर 2025 प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक** किया गया। उक्त परीक्षा की विषयवार अनन्तिम उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। परीक्षार्थी परिषद् की उक्त वेबसाइट के Departmental Exam के Atal Utkrisht Screening Exam कॉर्नर पर क्लिक कर अनन्तिम उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी परीक्षार्थी को किसी प्रश्न / प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे अपने प्रत्यावेदन / आपत्ति निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 25 सितम्बर 2025 तक परिषद् की ई–मेल आई0डी0 deptexamubse@gmail.com पर पुष्ट प्रमाण / प्रमाणों सहित परिषद् को प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात एवं अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन / आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी तथा प्रमाण रहित प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्यावेदन का प्रारूप उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

18/9/2025

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

---

पृ0सं0 : उ0वि0शि0प0 / वि0प0–अ0उ0वि0स्क्री0प0 2025 विज्ञ0–3 / / 2025–26, दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि :– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
2. निदेशक मा0शि0 / सभापति उ0वि0शि0प0 उत्तराखण्ड देहरादून।
3. सम्पादक, दैनिक अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा एवं उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को **6x8 सेमी0** के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार–पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण (ऐसे पृष्ठ पर जिसका प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण प्रदेश में हो) में प्रकाशित करने का कष्ट करें। बिल भुगतान हेतु जिला सूचना अधिकारी से दरें प्रमाणित करवा कर दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

18/9/2025

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।